ख) उर्वरक विभाग ने एचयूआरएल और आरसीएफ को कृषि विस्तार अधिकारियों को सीबीजी/बीजी संयंत्रों के साथ संलग्न करने का काम सौंपा है ताकि उन्हें एफओएम/एलएफओएम/पीआरओएम को बढ़ावा देने और मुद्दों को हल करने में सुविधा हो सके।

ग) जैविक उर्वरकों के लाभों और अनुप्रयोग विधियों पर किसान प्रशिक्षण, प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।

घ) विपणन चैनलों और डीलर नेटवर्क के माध्यम से जैविक और अपशिष्ट-व्युत्पन्न उर्वरकों की उपलब्धता और आपूर्ति सुनिश्चित करना।

ङ) सतत पोषण की पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करके क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करना।

च) फरवरी 2025 से दिसंबर 2025 के दौरान किसान संगोष्ठी कार्यक्रम के तहत उर्वरक कंपनियों द्वारा 14,388 शिविर आयोजित किए गए।

सरकार की उपरोक्त पहलों से रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को दूर करने की आशा है जिससे रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी आएगी।

(घ) और (ङ.): उर्वरक संबंधी जमाखोरी और कालाबाजारी जैसे मुददों का समाधान करने के लिए, उर्वरकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकारों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, उक्त कदाचारों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की शक्तियां दी गई हैं। इन कदाचारों के बारे में उर्वरक विभाग के स्तर पर मिली कोई भी शिकायत संबंधित राज्य सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत उचित कार्रवाई करने के लिए भेजी जाती है। तदनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सहित राज्यों से प्राप्त सूचनानुसार, दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.01.2026 तक की अवधि हेतु इन कदाचारों को रोकने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रवर्तन उपाय **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

****

अनुलग्नक

यह अनुलग्नक दिनांक 06.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1207 के उत्तर के भाग (घ) और (ड.) से संबंधित है।

प्रवर्तन गतिविधियों का संचयी विवरण

दिनांक 01.04.2025 से 30.01.2026 तक की अवधि के दौरान कालाबाजारी, जमाखोरी, विपथन आदि को रोकने तथा गुणवत्ता जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई

		कालाबाजारी			जमाखोरी			घटिया गुणवत्ता			विपथन				कुल		
राज्य	निरीक्षण/छापों की संख्या	जारी कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	जारी कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	जारी कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	जारी कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	विवरण के साथ दोषसिद्ध*	जारी कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर
आंध्र प्रदेश	20746	80	10	9	193	11	19	346	0	0	19	4	12	शून्य	638	25	40
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
असम	4723	12	6	1	59	0	0	46	1	0	27	0	0	शून्य	144	7	1
बिहार	22961	1241	782	116	7	0	0	5	0	0	0	0	0	शून्य	1253	782	116
छत्तीसगढ़	6916	295	13	4	29	1	0	145	5	0	24	0	0	शून्य	493	19	4
दादर और नगर	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
दिल्ली	345	0	0	1	0	0	0	3	0	0	0	3	0	शून्य	3	3	1
गोवा	619	544	180	6	10	0	0	32	1	0	16	0	0	शून्य	602	181	6
गुजरात	16055	46	3	1	15	0	0	117	2	0	9	4	11	शून्य	187	9	12
हरियाणा	5139	65	15	10	24	20	5	51	12	6	13	5	6	शून्य	153	52	27
हिमाचल प्रदेश	15	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
जम्मू और कश्मीर	4725	143	44	2	32	3	0	66	2	0	8	0	0	शून्य	249	49	2
झारखंड	759	57	20	11	32	4	0	2	0	0	1	1	0	शून्य	92	25	11
कर्नाटक	8708	368	25	1	243	5	0	244	14	2	96	6	8	शून्य	951	50	11
केरल	1585	0	0	0	0	0	0	50	0	0	4	0	4	शून्य	54	0	4
मध्य प्रदेश	6089	0	0	91	0	0	0	739	44	4	723	160	15	शून्य	1462	204	110
महाराष्ट्र	48866	16	0	16	0	0	0	1567	1354	44	1	73	2	शून्य	1584	1427	62
मणिपुर	3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	शून्य	1	0	0
मेघालय	685	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
मिजोरम	35	1	0	0	0	0	0	0	0	0	4	0	0	शून्य	5	0	0
नागालैंड	77	14	0	14	0	0	0	101	0	0	2	64	1	शून्य	117	64	15
ओडिशा	7601	4	3	2	0	0	0	55	1	1	2077	110	4	शून्य	2136	114	7
पुडुचेरी	51	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
पंजाब	6441	37	1	1	20	0	1	293	92	3	5	0	5	शून्य	355	93	10
राजस्थान	11905	652	118	47	74	40	34	506	1	2	27	22	27	शून्य	1259	181	110
तमिलनाडु	21086	14	0	4	6	8	0	33	25	0	112	17	1	शून्य	165	50	5
तेलंगाना	130333	5	9	3	4	2	0	128	0	0	4	0	5	शून्य	141	11	8
त्रिपुरा	796	0	0	0	9	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	9	0	0
उत्तर प्रदेश	39887	2341	2901	179	164	139	11	164	151	20	88	7	14	3	2757	3198	224
उत्तराखंड	495	0	0	0	0	0	0	0	0	0	43	0	0	शून्य	43	0	0
पश्चिम बंगाल	50267	0	0	0	0	0	0	286	0	0	0	0	0	शून्य	286	0	0
कुल	**417913**	**5935**	**4130**	**519**	**921**	**233**	**70**	**4979**	**1705**	**82**	**3304**	**476**	**115**	**3**	**15139**	**6544**	**786**